**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 428**
**दिनांक 03 फरवरी, 2023 को उत्तर देने के लिए**

**कोरोना वायरस पर आणविक आयोडीन की प्रभावकारिता**

**428. डॉ. थोल तिरुमावलवनः**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास आमतौर पर बीमारियों की रोकथाम और विशेष रूप से कोरोना वायरस की रोकथाम में आणविक आयोडीन के उपयोग के बारे में कोई जानकारी है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार का इसके उत्पादन को विकसित करने और रोगों, विशेषकर कोरोना संक्रमणों की रोकथाम में उपयोग करने का विचार है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मन्त्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)**

(क) से (ङ): पोविडोन आयोडीन (पीवीपी-आई) दशकों से एक स्वर्ण मानक रोगाणुरोधक रहा है जिसमें पूर्व में पता लगाए गए बीटा कोरोना-वायरस के खिलाफ सिद्ध प्रभावकारिता के साथ माइक्रोबिसाइडल गुण हैं; यह आपातकालीन परीक्षणों के लिए पहले उम्मीदवारों में से एक था, जो कोविड-19 के खिलाफ अग्रिम पंक्ति स्वास्थ्य कर्मियों के लिए सुरक्षा की एक अतिरिक्त परत स्थापित करने का प्रयास कर रहा था।
वैज्ञानिक साहित्य की समीक्षा के अनुसार, कुछ अध्ययनों से सार्स-सीओवी-2 प्रबंधन में पोविडोन-आयोडीन आधारित माउथवॉश और नेजल स्प्रे के उपयोग के लाभों का संकेत मिलता है। हालांकि, ये अध्ययन अपर्याप्त यादृच्छिककरण विधियों और छोटे नमूनों को भी दर्शाते हैं।
आयोडीन के अन्य उपयोगों में आयोडीन के रेडियोधर्मी रूप से विकिरण के प्रभाव से थायरॉयड ग्रंथि की सुरक्षा, पोविडोन- आयोडीन के रूप में प्रीऑपरेटिव त्वचा एंटीसेप्सिस, बैक्टीरिया, कवक, प्रोटोजोआ और कई वायरस के खिलाफ रोगाणुरोधी कार्रवाई का व्यापक स्पेक्ट्रम और पीने के पानी, स्विमिंग पूल के पानी और अपशिष्ट पानी को कीटाणुरहित करना शामिल हैं।

*****